निबंधन एवं शर्तें
तकनीकी सहायक (एनएचएम)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचबीआरसी), नई दिल्ली ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से ऊपर उल्लिखित पद के लिए पूर्णत: संविदा आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाया है।

अर्हता:

शैक्षणिक अर्हता	• **डाटा प्रबंधन में प्रवीणता सहित किसी विषय में स्नातक।** • **कम्प्यूटर एप्लिकेशन्स में ज्ञान और प्रवीणता।**
अनुभव वर्ष	**प्रोग्राम सहायक/विश्लेषक के क्षेत्र में भारत सरकार/राज्य सरकार के साथ कार्य करने का** 5 **वर्षों का अनुभव।**
आयु	45 **वर्ष से अधिक नहीं**
पदों की संख्या	**एक** (1)
पारिश्रमिक)समेकित(	20,174/-**रु. प्रति माह**

भूमिका और दायित्व:

- **एनएचएम सुविधा केन्द्र के कार्यकलापों में सहायता प्रदान करना।**
- **कार्यशालाएं, सम्मेलन, एमएसजी, ईपीसी, सीआरएम जैसे एनएचएम-II प्रभाग द्वारा आयोजित समीक्षा बैठकें तथा नियमित अंतरालों पर अन्य राष्ट्रीय स्तर की बैठकें आयोजित करने में सहायता प्रदान करना।**
- **टीओआर से संबंधित विविध बैठकों के दौरान परस्पर सहमत कार्य बिंदुओं के प्रलेखन और नियमित अनुवर्ती कार्रवाइयां करने में सहायता प्रदान करना।**
- **राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का दौरा करने वाले सामान्य समीक्षा मिशन/अन्य सहायक पर्यवेक्षण दौरों के लिए राज्य संसाधन सामग्री तैयार करने में सहायता प्रदान करना।**
- **सीआरएम राज्यों के लिए राज्य-वार दल बनाने तथा दलों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करने, एनएचएम की प्रगति के संबंध में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों तथा मंत्रालय के अन्य प्रभागों के साथ पत्राचार में सहायता प्रदान करना।**
- **भारत सरकार, संसद इत्यादि के विभिन्न कार्यालयों के लिए रिपोर्टें तैयार करने में लिपिकीय सहायता प्रदान करना।**
- **इलैक्ट्रॉनिक पत्राचार सहित एनएचएम से संबंधित सामान्य मौखिक/लिखित प्रश्नों से संबद्ध पत्राचार करने में सहायता प्रदान करना।**
- **उपयुक्त प्रतिपादन शैली सुनिश्चित करने के लिए स्प्रेड शीटें, डाटाबेस फाइलें और तालिकाएं बनाने में सहायता प्रदान करना।**
- **राज्यों से आने वाली सूचना और डाटा का समेकन और एकीकरण हेतु उप निदेशक और सहायक निदेशक को सहायता प्रदान करना।**
- **एनएचएम के लिए कार्यालय प्रबंधन में सहायता प्रदान करना।**
- **एनएचएम से संबंधित सूचना प्राप्त करने के लिए अन्य अनुभागों के साथ समन्वयन में सहायता प्रदान करना।**
- **पर्यवेक्षक द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य/कार्यकलाप।**

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **29-May-2018** तक mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।